बैठक कार्यवाही दिनाँक 8.01.2018

महाविद्यालय विकास समिति (पंजीकृत)

आज दिनाँक 8-01-2018 को दोपहर 12.00 बजे प्राचार्य कक्ष में महाविद्यालय विकास समिति की आवश्यक बैठक अध्यक्ष एवं प्राचार्य डा. अनिता कोठारी की अध्यक्षता में आयोजित की गयी जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे।

(1) श्रीमान बन्ने सिंह जी, जिला प्रमुख जालोर
(2) श्रीमान देवजी एम. पटेल, माननीय सांसद
(3) श्रीमती अमृता मेघवाल, माननीय विधायक
(4) श्रीमान भवानी सिंह मेड़तिया
(5) श्रीमान पन्ना राम जी
(6) श्रीमान गोकुल राम जी
(7) श्रीमान मोहन लाल जी
(8) श्रीमान एन. आर. उस्मानी
(9) श्रीमती सुषमा गोयल
(10) मो. इरफान
(11) श्री बाबूलाल देवड़ा
(12) डॉ. श्री सोहनलाल
(13) सुश्री प्रियंका राजपुरोहित (छात्रसंघ) अध्यक्ष

बैठक में सर्वप्रथम का. प्राचार्य डा. अनिता कोठारी ने विकास समिति के सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। समिति के सचिव ने पूर्व बैठक कार्यवाही को अनुमोदनार्थ पढ़कर सुनाया जिसे सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। विकास समिति बैठक में निम्नलिखित विचारणीय बिन्दुओं पर चर्चा की गयी।

महाविद्यालय में रात्रिकालीन चौकीदारी के लिये एवं सफाई कार्य के लिये श्रम विभाग (राज. सरकार) की अधिसूचना एफ 5 (6) न्यून. म/श्रम/2000/पार्ट/11254 जयपुर दिनाँक 3.7.2017 के अनुसार कार्य दिवसों के लिये daily wages के आधार पर चौकीदार एवं सफाई कर्मचारी रखने का निर्णय लिया गया।

महाविद्यालय विकास समिति में दो शिक्षाविद सदस्यों के रूप में श्री पाताराम चौधरी (सेवा निवृत प्राचार्य, कॉलेज शिक्षा) एवं श्री एन. आर. उस्मानी (सेवा निवृत प्राचार्य स्कूल शिक्षा) का मनोनयन किया एवं उनका सदस्यों के रूप में स्वागत किया गया।

सचिव
बाबूलाल

अध्यक्ष 8.1.18

Approved
अनिता
22.3.18

बैठक कार्यवाही

22.3.2018

महाविद्यालय विकास समिति (पंजीकृत)

आज दिनांक 22.3.2018 को दोपहर 12.00 बजे सभाकक्ष में महाविद्यालय विकास समिति की आवश्यक बैठक आचार्य एवं प्राचार्य डा० अनिता कोठारी की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहें।

1. आचार्य एवं प्राचार्य श्रीमती डा० अनिता कोठारी
2. सहायक निदेशक, कॉलेज शिक्षा श्री एस एस राजपुरोहित
3. श्रीमान बच्चेसिंह जिला प्रमुख
4. श्रीमान देवजी पटेल (सांसद)
5. श्रीमती अमृता मेघवाल (विधायक)
6. श्रीमान भवानी सिंह मंडावा
7. श्रीमान पाताराम चौधरी
8. श्रीमान गोकुलरामजी
9. श्रीमान एन. आर. ओझानी
10. श्रीमान मोहनलाल
11. श्रीमती पुष्पा जोशी
12. श्री बाबूलाल देवड़ा
13. श्री मोहम्मद इरफान
14. श्री प्रसोहन लाल
15. सुश्री प्रियंका राजपुरोहित
16. सुश्री गीता चौधरी

बैठक में सर्वप्रथम कार्यवाहक प्राचार्य डा० अनिता कोठारी ने विकास समिति के सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। समिति के सचिव ने पूर्व बैठक कार्यवाही को अनुमोदनार्थ पढ़कर सुनाया जिसे सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। विकास समिति बैठक में निम्नलिखित विचारणीय बिन्दुओं पर चर्चा की गयी।

आयुक्तालय के आदेशानुसार समिति के सभी सदस्यों ने महाविद्यालय की छात्राओं के Uniform (परिधान) निर्धारण के लिये सहमति प्रदान की। छात्र संघ अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष सुश्री प्रियंका, [illegible] चौधरी ने वर्ष पर्यंत निर्धारित परिधान में आने की सहमति जताई। आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा के प्रतिनिधि, सहायक निदेशक श्री मधुसूदन सिंह राजपुरोहित ने कहा कि इससे महाविद्यालय एवं छात्राओं की गरिमा [illegible]

विकास समिति के सभी सदस्यों ने प्राचार्य कक्ष के लिये AC क्रय करने की सहमति प्रदान की तथा श्री राजपुरोहित ने कहा कि AC के लिये विभाग से बजट की माँग आगे यदि विभाग बजट नहीं आवंटित करता है तो विकास समिति से क्रय किया जावे। इसी क्रम में महाविद्यालय में आवश्यकतानुसार [illegible] क्रय करने की सहमति भी विकास समिति सदस्यों ने दी।

सहायक निदेशक, श्री राजपुरोहित ने स्वयंपाठी छात्राओं से विकास शुल्क लेने एवं इसे बढ़ाकर 300 रु करने का प्रस्ताव किया जिसे सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति स्वीकार किया।

महाविद्यालय विकास समिति के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्राचार्य को महाविद्यालय विकास समिति कोष से एक वर्ष में 1 लाख रुपये अपने विवेकाधिकार से महाविद्यालय के हित एवं विकास के लिये व्यय करने के लिये अधिकृत किया।

अध्यक्ष एवं प्राचार्य महोदया ने सभी आगन्तुकों का आभार अभिव्यक्त किया। इसके साथ सधन्यवाद बैठक संपन्न हुई।

सचिव

अध्यक्ष

बैठक कार्यवाही 30.7.2018

महाविद्यालय विकास समिति (पंजीकृत)

आज दिनाँक 30.7.2018 को दोपहर 12.00 बजे स्टाफ रूम में महाविद्यालय विकास समिति की आवश्यक बैठक अध्यक्ष एवं प्राचार्य डा. अनिता कोठारी की अध्यक्षता में आयोजित की गयी, जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे।

1. अध्यक्ष एवं प्राचार्य श्रीमती अनिता कोठारी
2. सहायक निदेशक, चॉलेज शिक्षा
3. श्रीमान जिला प्रमुख बन्ते सिंहजी गोहिल
4. श्रीमान देवजी पटेल सांसद
5. श्रीमती अमृता मेघवाल (विधायक)
6. श्रीमान पाता रामजी चौधरी
7. श्री भभूतरामजी सोलंकी
8. श्रीमती सपनाजी बजाज
9. श्री गोकुलरामजी
10. श्री एन. आर. उस्मानी — अनुराधा सक्सेना
11. श्री राजू खान
12. श्रीमती अनुराधा सक्सेना 13. श्री बी.एल. देवड़ा 14. श्री सोहनलाल

बैठक में सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ. अनिता कोठारी ने विकास समिति के उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। समिति के सचिव ने पूर्व बैठक की कार्यवाही को अनुमोदनार्थ पढ़कर सुनाया, जिसे सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।

इस बैठक में निम्नलिखित विचारणीय बिन्दुओं पर चर्चा की गयी-

- महाविद्यालय में विश्वविद्यालय परीक्षा के समय फर्नीचर की कमी को देखते हुए आवश्यक फर्नीचर एवं अन्य आवश्यक फर्नीचर नियमानुसार क्रय करना।
- गृह विज्ञान प्रयोगशाला के लिए आवश्यक सामग्री क्रय करने हेतु जालोर के आमाशाहों से सहयोग लेना।
- नव मनोनित सदस्य श्री भभूतराम सोलंकी ने गृह विज्ञान प्रयोगशाला कक्ष के लिए माननीय विधायक महोदया के विकास फण्ड से बनवाने का सुझाव दिया, जिस पर सभी ने अपनी सहमति जताई।
- महाविद्यालय परिसर में 200 मी. ट्रेक एवं खेल सुविधाएँ विकसित करने तथा काउकेचर को ठीक करवाने हेतु विकास समिति के फंड का नियमानुसार उपयोग करना।
- विकास समिति की केश-बुक का संधारण करने हेतु 500/- रु. प्रति माह मानदेय देना।
- छात्राओं के लिए ऑनलाइन भरी जाने वाली विभिन्न छात्रवृत्तियों के लिए कम्प्यूटर कार्य का प्रति फॉर्म 10/- रु. मानदेय देना

उक्त तीनों सुझाव पर सभी ने अपनी सहमति

प्रदान की।

- वर्तमान सत्र से स्ववित्तपोषी छात्राओं से विकास शुल्क 200/- रु. लेने का प्रस्ताव भी सर्व सम्मति से लिया गया।
- महाविद्यालय विकास हेतु सभी कार्य विकास समिति एवं दानदाताओं के सहयोग से कराने पर भी चर्चा की गयी।

सचिव

अध्यक्ष

Approved
30-7-21

बैठक कार्यवाही

30.7.2021

महाविद्यालय विकास समिति (संशोधित)

आज दिनांक 30.7.2021 को दोपहर 11:30 AM को प्रत्यार्य कक्ष में महाविद्यालय विकास समिति की आवश्यक बैठक अध्यक्ष एवं प्राचार्य डा० राधा सारस्वत की अध्यक्षता में आयोजित की गयी, जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे।

1. अध्यक्ष एवं प्राचार्य श्रीमती डा० राधा सारस्वत 30.7.21
2. श्रीमान देवजी एम. पटेल, सांसद महोदय
3. श्रीमान जोगेश्वरजी गर्ग, माननीय विधायक
4. श्री राजेश कुमार, जिला प्रमुख, जालोर
5. श्रीमान सहायक निदेशक, कॉलेज शिक्षा
6. श्री संपालालजी जीनगर, उपखण्ड अधिकारी
7. श्री पाताराम जी चौधरी (के. नि. प्राचार्य)
8. श्री बाबूलालजी कुम्हार (से. नि. प्राचार्य)
9. श्री खलीम खान सोयला
10. श्री अशोक कुमार जोगसन
11. श्री अचला राम चौहान
12. श्री गजेन्द्र सिंह
13. श्री मिलिन ओसवाल
14. सुश्री सरोज कुमारी
15. श्री बाबूलाल देवड़ा
16. डा० पीपा राम
17. श्रीमती अनुराधा सक्सेना

बैठक में सर्वप्रथम प्राचार्य डा० राधा सारस्वत ने विकास समिति के उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। समिति के सचिव ने पूर्व बैठक की कार्यवाही को अनुमोदनार्थ पढ़कर सुनाया जिसमें प्राचार्य डा० राधा सारस्वत ने कहा कि पूर्व में जिन भी गणमान्यों ने महाविद्यालय के विकास में सहयोग प्रदान किया उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया जाये व मिनिट्स में उनके नाम लिखे जाये। पिछले सत्र में निम्नलिखित गणमान्यों ने महाविद्यालय में अपना सहयोग प्रदान किया :

1. लैपटॉप - डा० आरताफ हुसैन
2. RO पेयजल मशीन - जालोर नागरिक सहकारी बैंक (श्री मिलिन ओसवाल की ओर से)
3. अग्निशमन यंत्र - श्री गजेन्द्र सिंह
4. पँखे - श्री रणजीत सिंह राजपुरोहित एवं जालोर ग्रेनाइट एसोसिएशन।
5. फीयर में बेंच : ओम सेवा संस्थान
6. व्हील चेयर : मदनजी वीराजी सोलंकी

7. शौचालय निर्माण हेतु ग्रेनाइट - श्री पवन घायल
8. मंत्रायलिक कक्ष की खिड़की के बाहर छात्राओं के लिये प्लेटफॉर्म निर्माण हेतु ग्रेनाइट - श्री प्रकाशचंद्र साँखला
9. 11000/- cash कैप्टेन किशोर सिंह ने भेंट किये।
10. पेड़ पौधे कीमत 5000/- के श्री प्रकाशचंद्र यादव KVK Jalore ने दिये।
11. MLA & MP Fund से चहारदीवारी पूर्ण करवायी।
12. विधायक श्री जोगेश्वरजी गर्ग द्वारा MLA LAD FUND अन्य से 9 लाख की राशि बास्केटबाल ग्राउण्ड व 200 mt running track के लिये घोषित की गयी जो प्रक्रिया के अंतिम चरण में है।
13. विकास समिति की बैठक में निम्नलिखित बिंदुओं पर चर्चा की गयी।
1. महाविद्यालय विकास कार्य हेतु महाविद्यालय विकास समिति से प्राचार्य को एक लाख रु. तक व्यय करने की अनुमति।
2. बरामदों की रैलिंग हेतु स्वीकृति
3. कार्यालय के सामने की भूमि में गार्डन उपलब्ध करने और फैंसिंग की अनुमति।
4. महाविद्यालय विकास समिति से फाइबर लाइन हेतु व्यय करने की अनुमति।
5. कंप्यूटर, रात्रि चौकीदार एवं सफाईकर्मी को पारिश्रमिक का भुगतान विकास समिति द्वारा किये जाने की अनुमति।
6. आवश्यकता होने पर महाविद्यालय में दैनिक मजदूरी के लिये माह में अधिकतम 10 दिन के लिये दैनिक मजदूर को भुगतान के लिये प्राचार्य को अनुमति।

प्रथम बिंदु पर चर्चा करते हुए श्री अशोक जोगसन ने कहा कि एक लाख की राशि का व्यय आवश्यकतानुसार रखरखाव व मरम्मत कार्य व अन्य स्थायी कार्यों हेतु किया जाये।

बरामदों की रैलिंग के संदर्भ श्री बी.एल. कुम्हार ने कहा कि रैलिंग पाइप हेतु भामाशाहों से संपर्क का प्रयास करें, इस हेतु सदस्यों ने सामूहिक प्रयास हेतु सहमति जतायी। यदि भामाशाह नहीं मिले तो विकास समिति से इस हेतु व्यय किया जाये।

श्री बी.एल. कुम्हार ने गार्डन विकसित करने के लिये वन विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र से सहयोग लेने का सुझाव दिया। हॉस्टल फैंसिंग रिपेयरिंग के लिये समाजकल्याण विभाग से संपर्क का सुझाव दिया।

फाइबर लाइन (Fibre line) के लिये विकास समिति से व्यय की अनुशंसा उपस्थित सदस्यों की, जिससे महाविद्यालय का दैनिक कार्य प्रभावित नहीं हो। श्री चितिन सोलंकी ने पूर्व छात्राओं से सहयोग का सुझाव महाविद्यालय के विकास के लिये लेने का सुझाव दिया।

Scanned with OKEN Scanner

माध्यमिक विद्यालय में एक भी स्थायी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी नहीं होने के कारण परिसर एवं वातावरण व पेड़ पौधों को पानी मिलने एवं अन्य माध्यमिक विद्यालय संबंधी कार्यों हेतु आवश्यकतानुसार महीने में 10 दिन के लिये मजदूर द्वारा कार्य कराने का व्यय विकास समिति द्वारा वहन करने की स्वीकृति सभी सदस्यों ने दी।

श्री बाबूलाल देवड़ा ने विकास समिति के सदस्यों से कंप्यूटरलैब के लिये कंप्यूटर की व्यवस्था करने के लिये माननीयों से संपर्क करने का सुझाव दिया। इस कार्य के लिये विकास समिति के सदस्यों से अधिक सहयोग की अपेक्षा की।

बैठक के अंत में सभी का सुझाव था कि अनुपस्थित विकास समिति सदस्यों को भी बैठक की कार्यवाही की मिनिट्स की प्रति भेजी जावे।

अध्यक्ष एवं प्राचार्य महोदया डॉ० राधा सारस्वत ने आगुन्तकों का आभार अभिव्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया, इसके साथ ही बैठक संपन्न हुई।

सचिव

अध्यक्ष